Title: Need to check the atrocities committeed on women by the Congress in Orissa, Madhya Pradesh and Mumbai.

श्री विजय गोयल (चांदनी चौक): अध्यक्ष जी, तीन राज्यों में चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस का मनोबल बढ़ा है। कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष भी एक महिला हैं। किंतु यह मनोबल इतना बढ़ जाएगा कि महिलाओं के ऊपर अत्याचार बढ़ जाएंगे और मुम्बई के अंदर एक महिला निगम पार्षद को तीन कांग्रेसी जिंदा जला डालेंगे, इस बात का एहसास नहीं था कि इतना मनोबल बढ़ जाएगा

... (व्यवधान)

मेरे पास कई अखबारों की कटिंग्स हैं

... (व्यवधान)

"Three Congressmen held for attempt to burn a woman corporator."... (Interruptions)

श्री अजीत जोगी (रायगढ़): इनमें से कोई भी कांग्रेसी नहीं है।

... (व्यवधान)

श्री विजय गोयल : तीनों के तीनों कांग्रेस के हैं। इंडियन एक्सप्रेस, जनसत्ता, टाइम्स आफ इंडिया, इन सबमें इनके बारे में छपा है। मैं आपके मनोबल बढ़ने की बात कर रहा था। जब दिल्ली में नैना साहनी का केस हुआ था तो उस समय सुशील शर्मा भी कांग्रेसी नहीं था, मुझे ऐसा लगता है!

... (व्यवधान)

उड़ीसा में आए दिन महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, लगता है कि वे भी कांग्रेसी नहीं हैं! इसके अलावा १५ दिन पहले मध्य प्रदेश में अम्बिका पुर में कांग्रेस के स्थानीय प्रभावशाली नेताओं के बच्चों ने कालेज की एक छात्रा को जीप से कुचल दिया, यह भी कह दें कि वे कांग्रेस के नहीं थे। एक तरफ तो ये महिलाओं पर अत्याचार की बात करते हैं और दूसरी तरफ खुद ऐसा करते हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार इसकी जांच करे

... (व्यवधान)

श्री मुरली देवड़ा (मुम्बई दक्षिण): मुम्बई में वे कांग्रेस के हैं तो होम मिनिस्टर को बोलो, वे तो आपके हैं।

श्री विजय गोयल : होम मिनिस्यर तो हमारे हैं, लेकिन अपराधी सारे आपके हैं। वे तीनों अपराधी कांग्रेस के हैं। कांग्रेस अपने संगठन पर अंकुश रखे और कम से कम महिलाओं पर अत्याचार न करे, इस बात को मैं कहना चाहता हूं।

MR. SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Vijay Goel says.
(Interruptions)*

श्रीमती भावना कर्दम दवे (सुरेन्द्रनगर): अध्यक्ष महोदय, हमें बहुत कम समय मिलता है, ये लोग बीच में बोलने लग जाते हैं

... (व्यवधान)

जब तक सदन में शांति नहीं होगी, मैं नहीं बोलूंगी

... (व्यवधान)

सीनियर मेम्बर्स जिस तरह से बिहेव करते हैं, इनको चाहिए कि हमारी भी बात सुनें।

... (व्यवधान)

PROF. P.J. KURIEN : Sir, he is making false allegations. Please get them removed from the records.... (Interruptions)

----

* Not Recorded.

श्रीमती भावना कर्दम दवे (सुरेन्द्रनगर): नवी मुम्बई में महिला पार्षद मीणा मोरे की हत्या का प्रयास किया गया है। मैं सदन में इसकी निंदा करना चाहती हूं। समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि हत्या का प्रयास करने वाले तीन अपराधी पकड़े गए हैं और वे तीनों कांग्रेसी हैं। इस महिला पार्षद का कोई दोष नहीं था। जिस कच्ची बस्ती में नल के टैप को लगाया जा रहा था, वह गटर पर लगाया जा रहा था। ... (व्यवधान) गैरकानूनी रूप से टैप लगाने के खिलाफ लोगों में जागरूकता लाने के लिए वे महिला पार्षद प्रयत्न कर रही थीं। जिस निर्मम तरीके से

... (व्यवधान)

आप सुनिए तो सही

... (व्यवधान)

श्री अजीत जोगी : महिलाओं पर अत्याचार राजनैतिक मामला नहीं है, इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए।

... (व्यवधान)

श्रीमती भावना कर्दम दवे : जिस तरह से महिला पार्षद की निर्मम हत्या करने की कोशिश की गई

... (व्यवधान)

उसके शरीर पर केरोसिन डाला गया और घसीटकर गली में ले जाया गया,

... (व्यवधान)

वह अस्सी प्रतिशत जल गई हैं।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बैठिए।

... (व्यवधान)

श्रीमती भावना कर्दम दवे : मैं एक अखबार लेकर आई हूं।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Madam, take your seat. You have made your mention.
... (Interruptions)

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। पिछले सितम्बर महीने से ... (व्यवधान)

श्रीमती भावना कर्दम दवे : अपराधी को पकड़ लिया गया है।

... (व्यवधान)

महिला का विषय केन्द्र सरकार का है। मैं अपनी सरकार से भी इस धटना पर प्रकाश डालने का अनुरोध करती हूं।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Hari Kewal Prasad is saying.
(Interruptions)*

----

* Not Recorded.